राजकीय ई–मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ15(4)2020 / कार्मिक–स्ट्रेन्थ / प्रमुवस–01381

निमित्त,

मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र निदेशक
रणथम्भौर बाघ परियोजना सवाईमाधोपुर।

विषयः–कार्मिक शाखा का कार्य मंत्रालयिक संवर्ग कर्मचारियों से ही निष्पादित करवाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के संज्ञान में आया हैं कि आपके अधीनस्थ कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (प्रथम) रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर में कार्मिक शाखा काकार्य मंत्रालयिक संवर्ग कर्मचारी के द्वारा निष्पादित नहीं किया जाकर राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों (वनरक्षक, सहायक वनपाल आदि) के द्वारा किया जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से अनुचित है।

कार्मिक शाखा के द्वारा राजकीय लोक सेवकों से सम्बंधित कार्य जैसे विभागीय पदोन्नति समिति, सेवा पुस्तिका का संधारण, नियुक्ति आदेश, वेतन वृद्धि एवं चयनित वेतनमान, अवकाश प्रकरण आदि अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए जाते हैं। इस हेतु कार्मिक शाखा का प्रभार एक दक्ष लोकसेवक के पास होना अत्यन्त आवश्यक है। इसके बावजूद आपके द्वारा कार्मिक शाखा का कार्य मंत्रालयिक संवर्ग के कर्मचारियों से ना करवाकर राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों (वनरक्षक, सहायक वनपाल आदि) के द्वारा संपादित करवाया जा रहा हैं। फलस्वरूप राजकीय लोकसेवकों के कार्य समय पर एवं सही रूप से संपादित नहीं होते हैं।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यालय के परिपत्र क्रमांक 5295 दिनांक 19–09–2019 एवं पत्र क्रमांक 7702–7812 दिनांक 23–12–2019 द्वारा कार्यालयों में वन अधीनस्थ कर्मचारियों को मंत्रालयिक संवर्ग संबंधित कार्य से हटाए जाकर, वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु फील्ड पोस्टिंग हेतु तत्काल लगाने हेतु निर्देशित किया गया था।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में यथा सम्भव वरिष्ठ सहायक से उच्च पद के मंत्रालयिक कर्मचारियों को कार्मिक शाखा का प्रभार एवं उप वन संरक्षक कार्यालयों में यथा सम्भव वरिष्ठ सहायक एवं उच्च पद के मंत्रालयिक कर्मचारी को कार्मिक शाखा का प्रभार दिया जावे ताकि राजकीय लोक सेवकों के कार्य समय पर एवं त्रुटिरहित सम्पादित हो सके।

उपरोक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चितकरें।

भवदीया,

(शिखा मेहरा)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 15(4)2020 / कार्मिक–स्ट्रेन्थ / प्रमुवस–01381

प्रतिलिपीः

1. उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (प्रथम) रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।
2. उप वन संरक्षक, सूचना एवं प्रोद्योगिकी को विभागीय वैबसाईट पर प्रकाशन करने हेतु।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन)
राजस्थान, जयपुर

RajKaj Ref
8887676

Document certified by Shikha Mehra
<shikhamehraifs@gmail.com>.

Digitally Signed by Shikha Mehra
Designation : Principal Chief
Conservator Of Forest
Date :11-07-2024 10:06:12

8887676
11/7/24